हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, शनिवार, 16 दिसंबर 2023

तापमान
अधिकतम 24.0 डिग्री
न्यूनतम 4.2 डिग्री

11 सफाई कर्मियों ने रोष स्वरूप निकाला शहर में जुलूस ...



12 सीएम फलाइंग ने बीडीपीओ कार्यालय पर मारा छापा...



## शहर में आज

- गोकर्ण धाम पर योग शिविर सुबह 6 बजे से
- विश्वकर्मा स्कूल में विकसित भारत संकल्प यात्रा दोपहर 3 बजे से
- आईएमटी में रोहतक इलेक्ट्रिक हब की शुरुआत को लेकर बैठक सुबह 10 से 12 बजे तक
- 53वें विजय दिवस पर मदवि में युद्ध स्मारक पर सुबह 9:50 बजे पूर्व सैनिक और अधिकारी गण शहीदों को नमन करेंगे।
- पीजीआई और सिविल अस्पताल में नर्सिंग एसोसिएशन का आंदोलन सुबह 9 बजे से
- नई सब्जीमंडी में सब्जी मंडी एसोसिएशन की पत्रकार वार्ता 11 बजे

## बिजली कट

- सुबह 9 से 12 बजे तक सेक्टर-1, सेक्टर-2, तिलक नगर, शीला बाईपास, वाटर वर्क्स, तिलयार फीडर, सेक्टर-2 मार्केट, सेक्टर-2-3 और माइक्रोन इंडस्ट्री फीडर पर बिजली सप्लाई बाधित रहेगी
- सुबह 6 से 9 बजे तक अस्थल बोहर 11 फीडर की निर्माण कार्य का कार्य किया जाएगा। जिसके कारण बिजली बाधित रहेगी।

# बार एसोसिएशन में लोकेंद्र फोगाट का वर्चस्व कायम अरविंद श्योराण को मिली चौधर, 1033 वोट से जीते

**दीपक हुड्डा ने महासचिव पद पर जीत की हैट्रिक लगाई**

## 1773 वोट लेकर उपप्रधान पद पर हर्षवर्धन मलिक ने कब्जा जमाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

जिला बार एसोसिएशन के चुनाव में लोकेंद्र फोगाट (जोजो) का वर्चस्व कायम रहा। चुनाव में लोकेंद्र फोगाट गुट के प्रत्याशी अरविंद श्योराण 1033 वोट से विजयी हुए। अरविंद श्योराण को कुल 2812 में 1906 वोट मिले। जबकि उनके प्रतिद्वंद्वी सुरेंद्र लोरा को 873 वोट और तीसरे उम्मीदवार अनिल शर्मा को कुल 33 वोट ही मिले। उपप्रधान पद पर हर्षवर्धन मलिक ने कब्जा किया और उन्हें कुल 2810 में से 1773 वोट मिले। उन्होंने अपने प्रतिद्वंद्वी अभिजीत सिंह को 736 वोट से हराया। अभिजीत सिंह को इस चुनाव में 1037 वोट मिले हैं। वहीं दीपक हुड्डा ने 236 वोट से रोहित सुहाग को हराया और महासचिव पद पर जीत की हैट्रिक लगाई है। महासचिव पद के लिए कुल 2806 ने मतदान किया, जिनमें से हुड्डा को 1453 मिले। उनके सामने चुनाव लड़ रहे रोहित सुहाग को 1217 और इतबार बेनीवाल को 136 वोट मिले। सह सचिव पद की बात करें तो सुशीला देशवाल 172 वोटों से विजयी रही। उन्हें कुल 1121 और प्रतिद्वंद्वी डिंपल अरोड़ा को 949 वोट मिले। इसी पद पर तीसरी उम्मीदवार ज्योति राणा को कुल 732 वोट ही मिले। लाइब्रेरी इंचार्ज के लिए चुनाव लड़ रहे विश्वदीप भारद्वाज को सबसे ज्यादा 1467 वोट मिले। उन्होंने 1336 वोट लेने वाले अनिल कुमार को 131 वोट से हराया। इस पद के लिए कुल 2803 वकीलों ने मतदान किया था।



रोहतक। जिला बार एसोसिएशन के चुनाव में वोट डालते वकील।



चुनाव जीतने के बाद खुशी मनाते हुए अरविंद कुमार श्योराण, प्रधान बार एसोसिएशन व अन्य।

### सुबह 7.30 बजे मतदान

बार एसोसिएशन में शुक्रवार को प्रधान, उप प्रधान, महासचिव, सह सचिव और लाइब्रेरी इंचार्ज पर चुनाव हुआ। इन पांच पदों के लिए मैदान में कुल 13 उम्मीदवार थे। सुबह 7.30 बजे मतदान शुरू किया गया। मतदान के लिए पांच बूथ बनाए गए थे जिन पर 30 ईवीएम रखी गई थी। वकीलों ने चुनाव में भरपूर रुची दिखाई और अपने चहेते उम्मीदवार के पक्ष में वोटिंग की।

### शाम 6.30 बजे परिणाम घोषित

सुबह 7.30 बजे शुरू हुआ मतदान शाम करीब 5 बजे तक चला। पूरा दिन मतदान शांति पूर्ण रहा इसके बाद ईवीएम में मतों की गिनती शुरू हुई और शाम करीब 6.30 जे परिणाम घोषित कर दिया गया।

### फर्जी मतदान का शक, हंगामा

चुनाव के दौरान वकीलों को शक हुआ कि एक व्यक्ति फर्जी मतदान करने की कोशिश में है। इसे लेकर हंगामा हो गया और व्यक्ति को पकड़ लिया। हालांकि वह वोट नहीं डाल पाया, लेकिन बाद में पूरा मामला शांत करवा दिया गया।

### चैंबर के मुद्दे पर काम करेंगे

यह हमारे बार के भाईचारे की जीत है। इसे हम आगे बढ़ाएंगे। हम सभी को साथ लेकर काम करेंगे। चुनाव प्रचार के समय कुछ लोगों ने नकारात्मक प्रचार किया, लेकिन उन्होंने हमेशा सकारात्मक प्रचार किया। जिसका उनको फायदा मिला। चाहे ईवीएम से हो या फिर बैलेट पेपर, लेकिन बार एससोसिएशन में चुनाव निष्पक्षता करवाया जाता है। प्राथमिकता रहेगी कि वे चैंबर के मुद्दे पर काम करेंगे। ताकि सभी अधिवक्ताओं को चैंबर मिल सके।
**-अरविंद कुमार श्योराण**, प्रधान बार एसोसिएशन, रोहतक।



### रणवीर ढाका ने खुशी जताई

**रोहतक।** बार एसोसिएशन के चुनाव में पंजाब एवं हरियाणा बार काउंसिल के वाईस-चैयरमैन रणवीर ढाका व पूर्व प्रधान जोजो समर्थित अरविंद श्योराण के पैनल ने विजय प्राप्त की। वाइस चेयरमैन रणवीर ढाका ने भी श्योराण की जीत पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि अरविंद सरल व ईमानदार व्यक्तित्व के धनी हैं, इनकी जीत हम सबकी जीत है। हाइकोर्ट में भी काउंसिल के चुनावों में हमें मदद मिलेगी। पूर्व प्रधान जोजो ने कहा कि हमारा रिकॉर्ड बना है यह भाईचारे से ही सम्भव हुआ है। अरविंद अच्छा काम करेंगे। मेरा पूरा समर्थन उनके साथ है।

### ये रहा परिणाम

| | |
|---|---|
| **प्रधानः अरविंद श्योराण 1033 वोटों से जीते** | |
| अरविंद श्योराण | 1906 |
| सुरेंद्र लोरा | 873 |
| अनिल शर्मा | 33 |
| कुल मतदानः | 2812 |
| **उप प्रधानः हर्षवर्धन मलिक 736 वोटों से जीते** | |
| हर्षवर्धन मलिक | 1773 |
| अभिजीत सिंह | 1037 |
| कुल मतदानः | 2810 |
| **महासचिवः दीपक हुड्डा 236 वोटों से जीते** | |
| दीपक हुड्डा | 1453 |
| रोहित सुहाग | 1217 |
| इतबार बैनीवाल | 136 |
| कुल वोट पोल | 2806 |
| **सह सचिवः सुशीला देशवाल 172 वोटों से जीती** | |
| सुशीला देशवाल | 1121 |
| डिंपल अरोड़ा | 949 |
| ज्योति राणा | 732 |
| कुल कुल मतदान : | 2802 |
| **लाइब्रेरी इंचार्जः विश्वदीप भारद्वाज 131 वोट से जीते** | |
| विश्वदीप भारद्वाज | 1467 |
| अनिल कुमार | 1336 |
| कुल वोट पोल | 2803 |



महम। प्रधान बनने पर रवि शंकर सोनी को फूलों की माला पहनाकर स्वागत करते महम बार एसोसिएशन के वकील।

## एडवोकेट रवि शंकर सोनी बने बार एसोसिएशन महम के प्रधान

- सोनी ने प्रदीप दांगी को 55 वोट से हराया
- 119 वोट में से 117 वोट हुई पोल
- प्रदीप ढाका गुट का दबदबा कायम

**महम।** शुक्रवार को बार एसोसिएशन महम का चुनाव सम्पन्न हुआ। इस चुनाव में एडवोकेट रवि शंकर सोनी को बार एसोसिएशन का प्रधान चुना गया। रवि शंकर ने अपने प्रतिद्वंदी प्रदीप दांगी को 55 वोटों से हराया। एडवोकेट प्रदीप दांगी को 31 वोट मिले जबकि रवि शंकर ने 86 वोट हासिल किए। रवि शंकर पहले भी बार के प्रधान रह चुके हैं। उपप्रधान पद पर एडवोकेट प्रवीण अहलावत को उपप्रधान चुना गया। प्रवीण अहलावत को 80 जबकि प्रिंकल खुराना को 37 वोट मिले। सचिव पद पर दीक्षांत ने बाजी मारी। दीक्षांत को 77 वोट मिले, वहीं प्रदीप अहलावत को 4 वोट और सुनील घोघलिया को 36 वोट मिले। ज्वाइंट सेक्रेटरी पद पर नीलम राणा चुनी गई। नीलम ने 89 वोट प्राप्त किए, जबकि उनकी प्रतिद्वंदी ईशा खुराना को 28 वोट मिले। 119 वकीलों को इस चुनाव में मतदान का अधिकार था। दो वकील वोट डालने नहीं पहुंचे। 117 वकीलों ने अपने मत का प्रयोग किया। पिछले कुछ सालों में यह पहला मौका था, जबकि सभी पदों पर चुनाव करवाए गए।

## खबर संक्षेप

### डॉ. नेगी शैक्षणिक परिषद के सदस्य मनोनीत

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने एमडीयू एक्ट के स्टैच्युट 13 के प्रावधानों के तहत राजकीय महाविद्यालय दुजाना की प्राचार्या डॉ. तराना नेगी को शैक्षणिक परिषद का सदस्य मनोनीत किया है। कुलसचिव प्रो. गुलशन लाल तनेजा ने बताया कि बतौर शैक्षणिक सदस्य डॉ. तराना नेगी की नियुक्ति तुरंत प्रभाव से दो वर्ष के लिए की गई है।

### पीजी डिप्लोमा में प्रवेश के लिए 18 तक आवेदन

**रोहतक।** मदवि के कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने पीजी डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में एडमिशन के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 18 दिसंबर तक बढ़ाने की अनुमति प्रदान कर दी है।



## न्यायमूर्ति सूर्यकांत को एमडीयू के दीक्षांत समारोह में मानद उपाधि से सम्मानित किया जाएगा

रोहतक। महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय की कार्यकारी परिषद ने 287वीं बैठक में सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत को विश्वविद्यालय के 26 दिसंबर को किए जाने वाले 18वें दीक्षांत समारोह में मानद उपाधि से सम्मानित करने का निर्णय लिया है। एमडीयू कुलपति प्रो. राजबीर सिंह की अध्यक्षता में हुई कार्यकारी परिषद की आपातकालीन बैठक में प्रतिष्ठित न्यायविद और एमडीयू के विधि विभाग के पूर्व छात्र न्यायमूर्ति सूर्यकांत को डॉक्टर ऑफ लैटर्स (लॉ) ऑनरिस कोसा (मानद उपाधि) देने का निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया। कार्यकारी परिषद की बैठक में हिमाचल प्रदेश केन्द्रीय विश्वविद्यालय, धर्मशाला के कुलपति प्रो. एसपी बंसल, उच्चतर शिक्षा विभाग, हरियाणा की प्रतिनिधि उप निदेशिका डॉ. मधु जिंदल, वित्त विभाग, हरियाणा की प्रतिनिधि अवर सचिव दीपाली मलिक समेत ईसी के सभी सदस्य-प्रो. बीबी गोयल, डीन, एकेडमिक एफेयरस प्रो. सुरेन्द्र कुमार, डीन फिजिकल साइंसेज प्रो. एससी मलिक, डीन फैकल्टी ऑफ ह्यूमैनिटीज एंड आर्ट्स प्रो. विमल, वैश्य आर्य कन्या महाविद्यालय, बहादुरगढ़ की प्राचार्या डॉ. राजवंती शर्मा, सीबीटी के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. नेतरपाल सिंह, विधि विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. सुरेन्द्र सिंह और सीआर कालेज ऑफ एजुकेशन, रोहतक की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. इंदूबाला उपस्थित रहे।

## आईएमटी में रिहायशी प्लॉट मिलने का रास्ता साफ

- आज से ही डिमांड नोटिस भेजने शुरू कर दिए जाएंगे

**रोहतक।** आईएमटी में रिहायशी प्लॉट मिलने का रास्ता साफ हो गया है। अब उन्हें प्लॉट मिलने में देरी नहीं लगेगी। प्लॉट का ट्रायल रन खत्म हो गया है और साफ्टवेयर की दिक्कत भी दूर हो गई है। एचएसआईआईडीसी की टीम काम में जूटी हुई है और शनिवार से ही डिमांड नोटिस भेजने शुरू कर दिए जाएंगे। एचएसआईआईडीसी के संपदा अधिकारी कुलदीप कादियान ने बताया कि साफ्टवेयर में दिक्कत थी जो मुख्यालय से ठीक होनी थी। अब उसे दूर कर दिया गया है। अगले सात दिन में 10 प्रतिशत के डिमांड नोटिस निकलवा दिए जाएंगे। सभी पात्रों के पास डिमांड नोटिस चले जाएंगे और तीस दिन के अंदर इनका ड्रा भी हो जाएगा।

**उपलब्धि** छात्रों की तीन फिल्मों ने जीते पुरस्कार

# गोवा अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में सुपवा के विद्यार्थियों ने मचाई धूम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

डीएलसी सुपवा के फिल्म और टेलीविजन संकाय के सात छात्रों ने गोवा में हाल ही में संपन्न हुए गोवा के अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव के 54वें संस्करण में अनेक पुरस्कार जीते और राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाई। इसी उपलक्ष में सुपवा के सभागार में इन सभी विद्यार्थियों को कुलपति गजेंद्र चौहान ने सम्मानित किया। अंतरराष्ट्रीय फ़िल्म महोत्सव गोवा के 75 क्रिएटिव माइंड ऑफ टुमारो प्रतियोगिता में सुपवा के अलग-अलग विभागों के सात विद्यार्थीयों की तीन फिल्मों ने पुरस्कार जीते। जिनमें सर्वश्रेष्ठ फिल्म का पुरस्कार भी शामिल है। अशोक (अभिनय), अमित (स्क्रीन राइटिंग) और तन्मय भूटानी (ऑडियोग्राफी) द्वारा बनाई गई फिल्म ओड ने सर्वश्रेष्ठ फिल्म का पुरस्कार जीता। इसी तरह से शिवम पांडे (अभिनय) द्वारा निर्मित अंकुरण ने सर्वश्रेष्ठ उपविजेता का पुरस्कार जीता। वहीं मिताली (अभिनय), किरण कट्टा (छायांकन) और यशवंत (अभिनय) द्वारा बनाई गई ला मेरे फिल्म ने सर्वश्रेष्ठ सेकेंड रनर अप का पुरस्कार अपने नाम किया। -



रोहतक। कुलपति गजेंद्र चौहान के साथ पुरस्कार जीतने वाले छात्र।

### पर्यावरण विषय रही थीम

बता दें कि छात्रों ने पर्यावरण विषय पर 48 घंटे की फिल्म निर्माण चुनौती में भाग लिया था। गजेंद्र चौहान ने महोत्सव में सुपवा छात्रों की उपलब्धियों की सराहना की। उन्होंने कहा कि जैसा कि हम अपने फिल्म और टीवी संकाय के छात्रों की उत्कृष्ट उपलब्धियों का जश्न मन रहे हैं, हमारे छात्रों द्वारा फिल्म निर्माण की दुनिया में लाई गई रचनात्मकता, समर्पण और जुनून को देखना वास्तव में खुशी की बात है। उन्होंने कहा कि मैं उन सभी छात्रों को बधाई देता हूं जिनकी फिल्में न केवल प्रदर्शित की गईं बल्कि महोत्सव में प्रतिष्ठित पुरस्कारों से भी सम्मानित की गईं। यह हमारे संकाय द्वारा प्रदान की जाने वाली शिक्षा और मार्गदर्शन के उच्च मानकों का प्रमाण है। चौहान ने कहा कि मुझे पूरा विश्वास है कि हमारे दूसरे संकायों के छात्र भी इससे प्रेरणा लेकर राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विश्वविद्यालय का नाम रोशन करेंगे। कार्यक्रम का संचालन डायरेक्टर यूथ वेलफेयर दुष्यंत कुमार ने किया। कुलसचिव डॉक्टर गुंजन मलिक, ज्ञानेंद्र, वेद प्रकाश नांदल, जितेंद्र, विनय कुमार सहित अन्य उपस्थित रहे।



एक शेर की दहाड़ इतनी तेज होती है इसे पांच मील दूर तक सुना जा सकता है।

कुत्तों की आबादी के मामले में अमेरिका पहले नंबर पर आता है इसके बाद दूसरा स्थान फ्रांस का आता है।

# एम फिल कैसे करें और कैसे बनाएं अपना करियर



नालेज

यंगभूमि डेस्क

एम फिल कोर्स के बारे में अधिक विद्यार्थियों को जानकारी नहीं है। इसीलिए आज के इस आर्टिकल में हम आपको एम फिल कोर्स की पूरी जानकारी बताएंगे, जिसके बाद आपको पता चल जाएगा कि एम फिल क्या है। एमफिल कोर्स करने की प्रक्रिया क्या है तथा एम फिल कोर्स में क्या क्या सिखाया जाता है। उसके बाद आप यह तय कर पाएंगे कि एम फिल कोर्स आपको करना चाहिए या नहीं, क्या आप के लिए एम फिल कोर्स बेहतरीन साबित हो सकता है या नहीं। साथ ही आप एम फिल कोर्स के बारे में पूरी जानकारी विस्तार पूर्वक प्राप्त कर लेंगे और एम फिल कोर्स को करने के बाद होने वाले फायदों के बारे में भी जान लेंगे।

## एम फिल की फुल फॉर्म

एम फिल का फुल फॉर्म मास्टर ऑफ फिलॉस्पी होता है और हिंदी में फिलॉस्पी के तहत मास्टर की डिग्री हासिल करना होता है। आपकी जानकारी के लिए बता देते हैं कि एम.फिल एक पोस्ट ग्रेजुएशन कोर्स है। किसी भी स्ट्रीम जैसे साइंस, कॉमर्स, ह्यूमैनिटीज, लॉ के छात्र टीचिंग कोर्स कर सकते हैं। इस कोर्स को आप 2 साल में पूरा कर सकते हैं। इस कोर्स के अंतर्गत विद्यार्थियों को प्रैक्टिकल के साथ-साथ थ्योरी भी पढ़ाई जाती है। जिससे विद्यार्थियों को इस विषय में रुचि आने लगती है और वे आगे के चैप्टर को पढ़ने के लिए उत्सुक रहते हैं बता देते हैं कि इस विषय में रिसर्च भी करनी होती है और उसे प्रकाशित भी करना होता है। एम फिल कोर्स करने के बाद अपने सब्जेक्ट में पीएचडी भी कर सकते हैं।



## एम फिल करने के फायदे

एम फिल कोर्स के अंतर्गत निर्धारित किए गए पाठ्यक्रम को लंबे समय से एक मास्टर डिग्री और पीएचडी कार्यक्रम के बीच एक क्रॉस के रूप में देखा गया है। यह पाठ्यक्रम उम्मीदवारों को विभिन्न प्रकार के निर्माण विभिन्न प्रकार के अनुसंधान की बारीकियों के बारे में ज्ञान देता है। विभिन्न प्रकार के विषय के बारे में छात्रों के मस्तिष्क को प्रशिक्षित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इस विषय के अंतर्गत विभिन्न प्रकार के अनुसंधान कौशल को सिखाया जाता है। विभिन्न प्रकार के बड़े पैमाने पर ज्ञान को प्रदर्शित किया जाता है। इसीलिए यह पाठ्यक्रम और यह काफी महत्वपूर्ण माना जाता है। अगर आप इस परीक्षा को करते हैं तो एक सफल व्यक्ति बन जाते हैं साथ ही आपकी बुद्धि का विकास हो जाता है। एम फिल कोर्स को करने के बाद आप अच्छे वेतन और अन्य विभिन्न प्रकार की सुविधाएं भी प्राप्त कर सकते हैं। बता देते हैं कि एमफिल कोर्स को आप अधिकतम 200000 खर्च करके कर सकते हैं। लेकिन उसके बाद आप प्रतिवर्ष 600000 तक भी आसानी से कमा सकते हैं।

## ऐसे मि

### निर्धारित सब्जेक्ट

एमफिल कोर्स में एक से अधिक विषय हैं। इन अलग-अलग विषयों के आधार पर एमफिल कोर्स को कराया जाता है, जिसमें आपको फिलॉसफी पढ़ाया जाता है इसमें एजुकेशन से लेकर इकोनामिक और मैनेजमेंट से लेकर इंग्लिश तथा साइकोलॉजि भी शामिल है। तो एमफिल कोर्स के लिए निर्धारित किए गए सब्जेक्ट इस प्रकार है —

एम फिल इन साइक्लॉजी
एम फिल इन इकोनोमिक्स
एम फिल इन मैनेजमेंट
एम फिल इन इंग्लिश

### योग्यताएं

आवेदक का किसी भी मान्यता प्राप्त बोर्ड से बारहवीं कक्षा पास होना चाहिए। आवेदक किसी भी मान्यता प्राप्त बोर्ड से 12वीं कक्षा को किसी भी स्ट्रीम से पास कर सकता है। उम्मीदवार किसी भी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक की डिग्री प्राप्त कर सकता है। लेकिन 12वीं कक्षा पास करने के बाद स्नातक की डिग्री का होना आवश्यक है। एमफिल कोर्स करने के लिए स्नातक डिग्री 55% अंक के साथ प्राप्त करनी होगी। इस कोर्स के लिए आवेदन करने वाले आरक्षित वर्ग के उम्मीदवारों को 5% की छूट मिल जाती है। नेट, एसईटी या गेट जैसी परीक्षाएं करने के बाद भी न्यूनतम निर्धारित संख्या में कुछ छूट है। बता देना कि इस कोर्स के लिए आवेदन करने की कोई उम्र सीमा निर्धारित नहीं की गई है।

### ऐसी रहेगी आवेदन प्रक्रिया

आवेदन करने के लिए सबसे पहले एक विश्वविद्यालय का चयन करें। अब उस विश्वविद्यालय की ऑफिशियल वेबसाइट पर पहुंचे। ऑफिशल वेबसाइट पर पंजीकरण करके अपना अकाउंट बनाएं। अब वेबसाइट पर दर्शाए गए सभी को समय से अपने कोर्स का चयन करें। अब आपके सामने एक आवेदन फार्म ओपन हो जाएगा। अब इस आवेदन फार्म को सही ढंग से भरे। आवेदन फार्म में पहुंची हुई सभी जरूरी जानकारी जैसे शैक्षणिक योग्यता, नाम, पता, श्रेणी इत्यादि दर्ज करें।

रोजगार पाने के ढेर सारे अवसर, अपनी पसंद का करियर बनाएं

# आर्ट्स से 12वीं करने के बाद मिलते हैं सरकारी नौकरियों के अनेक अवसर

जॉब ट्रेंड्स

करियर डेस्क

## टीचिंग और एसएससी में मिलते बड़े अवसर

अगर आप किसी भी प्रकार की सरकारी नौकरी प्राइवेट नौकरी करना चाहते हैं तो उसके लिए 12वीं कक्षा को पास करना अनिवार्य होता है। विद्यार्थियों के लिए सरकारी नौकरी हमेशा ही एक लोकप्रिय विकल्प रहता है। ऐसे में देखा जाए तो 12वीं कक्षा करने के बाद बहुत सारी सरकारी नौकरी होती है जिन्हें हम कर सकते हैं और अपना बेहतर कैरियर बना सकते हैं, लेकिन कई नौकरियां ऐसी होती है जो स्ट्रीम के हिसाब से की जाती है। ऐसे में हम आपको 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए जिन्होंने आर्ट्स के द्वारा 12वीं कक्षा पास की है उनके लिए सरकारी नौकरी के विकल्प लेकर आए हैं।



### असिस्टेंट लोको पायलट

आर्ट्स से 12वीं कक्षा पास करने के बाद सरकारी नौकरी में असिस्टेंट लोको पायलट आता है। यह नौकरी उन लोगों के लिए होती हैं जो लोग 12वीं कक्षा के बाद रेलवे में सरकारी नौकरी करना चाहते हैं।

### असिस्टेंट लोको पायलट बनने के लिए योग्यता

12वीं कक्षा उत्तीर्ण होने अनिवार्य है। उम्मीदवार को मैकेनिक या फिर ऑटोमोबाइल से 2 वर्ष डिप्लोमा प्राप्त करना अनिवार्य है। फिजिकल पूरी तरह से फिट होना जरूरी है। आंखों की रोशनी पूरी तरह से ठीक होनी चाहिए और व्यक्ति को कलर ब्लाइंडनेस की परेशानी ना हो।

### असिस्टेंट लोको पायलट की तनख्वाह

असिस्टेंट लोको पायलट को शुरुआती समय में जो सैलरी मिलती है उसमें वेतन के अलावा उन्हें अन्य भत्ते भी दिए जाते हैं। अगर ओवरटाइम करते हैं तो एडवांस भी दिया जाता है। शुरुआती समय में 35000 तक तनख्वाह होती है।

### पोस्टल असिस्टेंट

12वीं कक्षा आर्ट्स से उत्तीर्ण करने के बाद पोस्टल असिस्टेंट के पद पर भी कार्यरत किया जा सकता है। इसे डाक पोस्ट के नाम से भी जाना जाता है। यह पूरे ऑफिस के काम को मैनेज करता है।

**योग्यता**

- 12वीं कक्षा उत्तीर्ण होना अनिवार्य है।
- एसएससी सीएचएसएल की परीक्षा उत्तीर्ण करना अनिवार्य है।
- व्यक्ति की आयु 18 से 27 वर्ष के बीच होनी चाहिए।
- कंप्यूटर के ज्ञान के साथ-साथ पूरी तरह से टाइपिंग भी आनी चाहिए।

**सैलरी**

इस पद पर अगर आप काम करते हैं तो बेसिक सैलरी के साथ-साथ अन्य भत्ते भी दिए जाते हैं। इसमें शुरुआती सैलरी 20000 से 25000 तक होती है।

### रेलवे क्लर्क

12वीं कक्षा आर्ट्स से उत्तीर्ण करने के बाद जो लोग सरकारी नौकरी करना चाहते हैं उनके लिए रेलवे क्लर्क बेस्ट ऑप्शन होता है। रेलवे क्लर्क का काम बहुत ही ज्यादा महत्वपूर्ण होता है। वह इस बात को सुनिश्चित करता है कि रेलवे यार्ड में वैगन और कोच की कितनी संख्या है। इसके अलावा डॉक्यूमेंट तैयार करने का काम भी रेलवे क्लर्क का होता है।

**योग्यता**

12वीं कक्षा पास होना अनिवार्य है।
आरआरबी एनटीपीसी की परीक्षा क्लियर करना अनिवार्य है। उम्मीदवार की न्यूनतम आयु 18 वर्ष होनी चाहिएऔर अधिकतम आयु 30 वर्ष होनी चाहिए। एससी और एसटी वर्ग को आयु सीमा में 3 साल से 5 साल तक की छूट दी जाती है।

**सैलरी**

रेलवे क्लर्क पद पर अगर सैलरी की बात की जाए तो शुरुआती महीने में 28000 से लेकर 30000 तक की सैलरी दी जाती है।

### फॉरेस्ट गार्ड

12वीं कक्षा पास करने के बाद आप फॉरेस्ट गार्ड की नौकरी अगर करना चाहते हैं तो इसके लिए आपको एग्जाम देना होता है। इसमें पास होने वाले विद्यार्थियों को जंगलों की सुरक्षा के लिए उसके पद पर तैनात कर दिया जाता है। अगर आप अपनी प्रकृति से अधिक प्रेम करते हैं तो आप इस तरह की नौकरी कर सकते हैं। इस पद पर आपको 30000 से लेकर 40 हजार रुपए तक की सैलरी दी जाती है।

**रेलवे ग्रुप डी की नौकरी**

रेलवे ग्रुप डी आरआरबी के द्वारा लेवल 1 का एग्जाम होता है जिसे क्लियर करना अनिवार्य होता है। यह रेलवे मंत्रालय के अधीन आता है इसीलिए केंद्रीय सरकार के अंतर्गत ही नौकरी करनी होती है। 12वीं कक्षा किसी भी स्ट्रीम से पास किया हुआ विद्यार्थी इसके लिए आवेदन कर सकता है। इसके लिए न्यूनतम आयु 18 वर्ष होनी चाहिए। वहीं अगर इसकी सैलरी की बात की जाए तो शुरुआती समय में अन्य भत्ते के साथ 22 से 25000 तक की सैलरी होती है।



### गवर्नमेंट टीचर की नौकरी

आज के समय में बहुत सारे विद्यार्थी ऐसे हैं जो 12वीं कक्षा के बाद सरकारी नौकरी में गवर्नमेंट टीचर की नौकरी प्राप्त करना चाहते हैं। हालांकि सरकारी टीचर बनना बहुत ही ज्यादा मुश्किल होता है। इसके लिए सबसे पहले ट्रेनिंग कोर्स करना होता है इसके बाद कई एग्जाम देने के बाद सरकारी टीचर बन सकते हैं।

**योग्यता**

- 12वीं पास करना अनिवार्य है।
- विद्यार्थी को टीचर ट्रेनिंग का कोर्स किया होना चाहिए।
- टीचर एलिजिबिलिटी एग्जाम पास करना अनिवार्य है।
- विद्यार्थी को कंप्यूटर की जानकारी होना भी अनिवार्य है।

**सैलरी**

एक सरकारी टीचर की सैलरी उसके ऊपर निर्भर करती है कि उसका पद क्या है। अगर शुरुआती समय में गवर्नमेंट टीचर की सैलरी बात की जाए तो यह 20000 से लेकर 40000 तक होती है। उसके बाद अनुभव के साथ-साथ सैलरी बढ़ती जाती है। हमने कुछ नौकरी के बारे में आपको विस्तार पूर्वक बताया है लेकिन इस 12वीं कक्षा आर्ट्स के द्वारा पास करने के बाद आपके पास बहुत सारे विकल्प ऐसे होते हैं जिनका इस्तेमाल करके आप सरकारी नौकरी प्राप्त कर सकते हैं। हम आपको कुछ अन्य विकल्प के बारे में जानकारी देने जा रहे हैं।

### एसएससी जीडी में नौकरी

कर्मचारी आयोग प्रत्येक वर्ष एसएससी जीडी परीक्षा को आयोजित करता है इसके जरिए विभिन्न विभाग में कांस्टेबल के पद पर भारती की जाती है जो व्यक्ति कांस्टेबल के रूप में नौकरी पाना चाहते हैं उनके लिए यह बेहतर ऑप्शन होता है इसमें निम्नलिखित ऑप्शन होते हैं।

- बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स
- सशस्त्र सीमा बल
- सेंट्रल इंडस्ट्रियल सिक्योरिटी फोर्स
- इंडो तिब्बतन बॉर्डर पुलिस
- नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो में सिपाही
- सेंट्रल रिजर्व पुलिस फोर्स
- सेक्रेटेरिएट सिक्योरिटी फ़ोर्स
- राइफलमैन इन असम राइफल्स

इसके लिए छात्र दसवीं पास करने के बाद भी इस परीक्षा को दे सकता है। अन्यथा 12वीं पास करने के बाद भी परीक्षा दी जा सकती है। इसके लिए न्यूनतम आयु 18 वर्ष और अधिकतम आयु 23 वर्ष होनी चाहिए। आरक्षित विद्यार्थियों को अधिकतम आयु सीमा में छूट दी जाती है।

### 12वीं कक्षा आर्ट्स करने के बाद क्या करें

12वीं कक्षा आर्ट्स उत्तीर्ण करने के बाद आप अपनी इच्छा के अनुसार अपने करियर का चुनाव कर सकते हैं। अगर आपको वर्दी पहनने का शौक है तो आप सेना या अर्ध सैनिक बल में जाकर देश की सेवा कर सकते हैं या फिर आप स्टेट पुलिस के लिए भी अप्लाई कर सकते हैं। इसी के साथ-साथ आप रेलवे में नौकरी अगर प्राप्त करना चाहते हैं तो उसके लिए ग्रुप डी के साथ-साथ कांस्टेबल की तैयारी भी कर सकते हैं। अगर आप चाहते हैं कि आप इस प्रकार की नौकरी करें जहां पर शारीरिक परिश्रम ना करना पड़े केवल ऑफिस का काम हो तो इसके लिए आप गवर्नमेंट विभाग में आने वाली एलडीसी भर्ती की तैयारी भी कर सकते हैं।

# क्षमताओं को ध्यान में रखकर ही अपने करियर का चयन करें छात्र



मोटिवेशनल

डॉ. दिव्या तंवर

पॉजिटिव सोच एक शक्तिशाली और महत्वपूर्ण मानव गुण है जो किसी भी क्षेत्र में सफलता की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। जब कोई छात्र अपने करियर का चयन करने के लिए कदम रखता है, तो उसे अपने लक्ष्यों को अपनी क्षमताओं के साथ मेल करना चाहिए। यह सोचना कि मैं क्या कर सकता हूं , बहुत ही महत्वपूर्ण है। व्यक्ति को अपनी क्षमताओं को समझना और स्वीकार करना चाहिए, ताकि उसे वह कार्य मिले जिसमें उसका रुचि हो और जिसमें उसमें समर्थ होने की क्षमता हो। एक छात्र को अपने लक्ष्यों की दिशा में सकारात्मक सोचने से उसे आत्म-समर्थन मिलता है। यह सोच उसे निरंतर उत्साही और संबोधित करती है, जिससे उसकी कार्यक्षमता में सुधार होता है।

## उपयुक्त स्त्रोतों का सही उपयोग करना जरूरी

किसी भी करियर का चयन करना एक महत्वपूर्ण निर्णय है, इसलिए छात्र को अपनी रुचियों, रूचिओं, और रूचिओं को ध्यान में रखकर निर्णय लेना चाहिए। समर्थन और मार्गदर्शन के लिए उपयुक्त स्रोतों का सही से उपयोग करना भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। शिक्षकों, परिवार के सदस्यों, और पेशेवरों से सहायता प्राप्त करना छात्र को सही दिशा में मार्गदर्शन करने में मदद कर सकता है। कई बार, छात्र अपने आत्मविश्वास को खो बैठते हैं या डर के कारण सही निर्णय नहीं ले पाते हैं। इस स्थिति में, सकारात्मक सोच एक महत्वपूर्ण साथी बन सकती है जो छात्र को उत्साहित करती है और उसे सही मार्ग पर ले जाने में सहायक होती है। यदि छात्र अपनी क्षमताओं को सही तरीके से पहचान लेता है और उन्हें विकसित करता है, तो उसका करियर समृद्धि और संवृद्धि की ऊँचाइयों तक पहुँच सकता है। सही मार्ग का चयन करने से छात्र को विभिन्न क्षेत्रों में नए और चुनौतीपूर्ण कार्यों का सामना करने का अवसर मिलता है जिससे उसका व्यक्तिगत और पेशेवर विकास होता है। समाप्त करते समय, यह आवश्यक है कि छात्र अपने लक्ष्यों के प्रति प्रतछात्र को समाप्त करते समय यह आवश्यक है कि वह अपने लक्ष्यों के प्रति प्रतिबद्ध रहे और उन्हें हासिल करने के लिए प्रतिबद्ध रहे। इसमें आत्म-मोटिवेशन, समर्पण, और संघर्ष की भावना समाहित होनी चाहिए। छात्र को अपने लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए एक निरंतर प्रयासरत रहना चाहिए। आत्म-मोटिवेशन की आवश्यकता है ताकि वह अपने क्षमताओं और प्रतिबद्धता के साथ कठिनाइयों का सामना कर सके और हासिल करने के लिए समर्पित रह सके। विफलता का सामना करना स्वाभाविक है, लेकिन इससे हार नहीं मानना चाहिए। संघर्ष एक अविभाज्य हिस्सा है जो सफलता की दिशा में बढ़ने में मदद करता है। लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए समर्पण एक अनिवार्य गुण है। छात्र को अपने काम में पूरी तरह से समर्पित रहना चाहिए ताकि उसकी मेहनत में अंत में सफलता मिले।

## आत्म मूल्यांकन जरूरी

समाप्ति के समय, छात्र को आत्म-मूल्यांकन करना चाहिए ताकि वह अपनी साकारात्मकता को बनाए रख सके और अगले कदमों के लिए तैयार रहे। अच्छे लक्ष्यों की प्राप्ति में सकारात्मक सोच और आत्म-मोटिवेशन निरंतर सहायक होते हैं। छात्र को हमेशा याद रखना चाहिए कि उसकी सक्सेस की चाबी उसकी सोच और क्रियाओं में छुपी होती है।क्रियाओं में छुपी होती है। आत्म-मोटिवेशन छात्र को उत्साहित रखने में मदद करता है, जिससे उसकी क्षमताएं और स्वाभाविक प्रतिबद्धता बढ़ती हैं। सकारात्मक सोच उसे आत्म-सुधार की दिशा में प्रेरित करती है और उसे कठिनाइयों का सामना करने की ताकत प्रदान करती है। छात्र को हमेशा याद रखना चाहिए कि सफलता एक प्रक्रिया है, और इसमें समर्पण और स्थिरता की आवश्यकता होती है। लक्ष्यों की प्राप्ति में आत्म-नियंत्रण और सहानुभूति बनाए रखना भी महत्वपूर्ण है। आत्म-मोटिवेशन के माध्यम से, छात्र अपनी सक्सेस की ऊंचाइयों तक पहुँचने के लिए अपनी सीमाएं बढ़ा सकता है। इससे उसमें आत्म-विश्वास बना रहता है और वह अपनी सीमाओं को पार करने के लिए तैयार होता है। सकारात्मक सोच छात्र को आत्म-प्रेरणा प्रदान करती है जिससे उसमें संघर्ष की भावना बनी रहती है। छात्र को यह याद रखना चाहिए कि हर कदम एक नया सिखने का अवसर होता है और हर चुनौती एक मौका है अपनी क्षमताओं को साबित करने का। अच्छे लक्ष्यों की प्राप्ति में सकारात्मक सोच और आत्म-मोटिवेशन छात्र को सफलता की ऊंचाइयों तक पहुंचाने में मदद करते हैं।

## सामान्य ज्ञान

**1.** भारत में सबसे ऊंचा जलप्रपात कौन - सा है ?
(ए) शिमसा जलप्रपात
(बी) होगेनक्कल जलप्रपात
(सी) कोर्टास्लम जलप्रपात
(डी) जोग जलप्रपात

**2.** विश्वविख्यात जोग या गरसोप्पा जलप्रपात किस राज्य में स्थित है ?
(ए) कर्नाटक
(बी) महाराष्ट्र
(सी) आ. प्र.
(डी) केरल

**3.** जोग या गरसोप्पा जलप्रपात का नया नाम क्या है ?
(ए) सरदार पटेल जलप्रपात
(बी) महात्मा गांधी जलप्रपात
(सी) जवाहरलाल नेहरु जलप्रपात
(डी) इंदिरा गांधी जलप्रपात

**4.** जोग जलप्रपात किस नदी पर स्थित है ?
(ए) शरावती
(बी) कावेरी
(सी) नर्मदा
(डी) चम्बल

**5.** धुआंधार जलप्रपात किस नदी पर स्थित है ?
(ए) नर्मदा
(बी) तापी
(सी) इन्द्रावती
(डी) चम्बल

**6.** कपिल धारा जलप्रपात किस नदी पर स्थित है ?
(ए) तापी
(बी) शरावती
(सी) नर्मदा
(डी) इन्द्रावती

**7.** शिवसमुद्रम जलप्रपात किस नदी पर स्थित है ?
(ए) नर्मदा नदी
(बी) कृष्णा नदी
(सी) गोदावरी नदी
(डी) कावेरी नदी

**8.** गोकक जलप्रपात किस नदी पर स्थित है ?
(ए) कावेरी
(बी) ताम्रपर्णी
(सी) शरावती

उत्तर 1.(डी) 2.(ए) 3.(बी) 4.(ए) 5.(ए) 6.(सी) 7.(डी) 8.(डी)

## खबर संक्षेप

### विद्यार्थियों को बताया मोटे अनाज का महत्व

**महम।** राजकीय महाविद्यालय महम में अंतर राष्ट्रीय मोटा अनाज वर्ष 2023 के तहत एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें फर्स्ट हरियाणा एनसीसी बटालियन की गवर्नमेंट कॉलेज महम की बॉयज व गर्ल्स यूनिट्स के एनसीसी कैडेटस ने भाग लिया। इस पोषण वर्ष कार्यक्रम का शुभांरभ महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. संतोष हुड्डा ने किया। प्राचार्या ने एनसीसी कैडेट्स को मोटे अनाज का महत्व बताया। कहा कि इसमें शरीर के लिए अनेक पोषक तत्व पाए जाते हैं।

### तीसरी बार बनेगी भाजपा की सरकार : अहलावत

**महम।** भाजपा नेता अजीत अहलावत का इमलीगढ़, गोयत पाना, अशोक नगर, उजाला नगर, किशनगढ़ और ढेर पाना में स्वागत किया गया। अहलावत ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दुनिया के सबसे ताकतवर व लोकप्रिय नेता हैं। पूरी दुनिया उनका लोहा मानती है। भाजपा सरकार की नीतियों की वजह से देश और प्रदेश में तीसरी बार भाजपा की सरकार बनेगी।

### सर्वेक्षण में पूर्ण सहयोग करें जिलावासी : डीसी

**रोहतक।** प्रदेश के रोजगार विभाग, डेयरी एवं पशुपालन विभाग तथा औद्योगिक एवं प्रशिक्षण विभाग द्वारा 25 से 40 वर्ष के आयु वर्ग के युवाओं का क्रिड सर्वे कार्य के लिए कौशल मैपिंग एवं जन्मतिथि मैपिंग का सर्वे करवाया जा रहा है। उपायुक्त अजय कुमार ने कहा कि इस सर्वे के आधार पर भविष्य में जिला वासियों को सरकार द्वारा समय-समय पर चलाई गई विभिन्न योजनाओं का लाभ प्राप्त हो सकेगा। सभी जिलावासी सर्वे कार्य में लगे कर्मचारियों को अपनी पहचान से संबंधित दस्तावेज उपलब्ध करवाए तथा इस सर्वे के कार्य में पूर्ण सहयोग करें।

### हर पात्र को मिलेगा अपना पक्का मकान : मंजू हुड्डा

**रोहतक।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा समाज के हर वर्ग के कल्याण के लिए योजनाएं चलाई जा रही है। केन्द्र व प्रदेश सरकार द्वारा सुनिश्चित किया जा रहा है कि कोई भी जरूरतमंद व्यक्ति भूखा न रहे तथा पक्का मकान से वंचित हर गरीब को अपना मकान मिले। सरकार द्वारा गरीब, महिला, किसान व युवा के उत्थान के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे है। यह बात शुक्रवार को आसन व भालौठ गांवों में विकसित भारत संकल्प यात्रा के कार्यक्रमों में जिला परिषद की चेयरपर्सन मंजू हुड्डा ने कही। उन्होंने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा गरीब व पात्र लोगों को पांच लाख रुपये वार्षिक स्वास्थ्य बीमा की सुविधा दी गई है।

### विकसित भारत संकल्प यात्रा का गांवों में स्वागत

**रोहतक।** विकसित भारत संकल्प यात्रा की वैन द्वारा एलईडी के माध्यम से जनकल्याणकारी नीतियों की जानकारी देने के साथ-साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल का संदेश भी सुनाया जा रहा है। उपायुक्त अजय कुमार ने बताया कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत शुक्रवार को दो वैन द्वारा जिला में चार गांवों आसन, भालौठ, कारोर एवं खरावड़ में कार्यक्रम आयोजित किए गए।

---

### नगर निगम में पेन व टूल डाउन हड़ताल से काम ठप, लोग परेशान

# सफाई कर्मचारियों का शहर में रोष प्रदर्शन प्रदेश सरकार के खिलाफ की नारेबाजी

- कर्मचारियों ने अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने की दी चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

मांगें पूरी न होने से नाराज नगर पालिका कर्मचारी संघ ने शुक्रवार को पेन डाउन व टूल डाउन हड़ताल की। जिससे नगर निगम का कामकाज पूरी तरह से ठप रहा। निगम में काम करवाने के लिए पहुंचे लोग परेशान नजर आए। हड़ताल के चलते काउंटरों से कर्मचारी नदारद रहे। इतना ही नहीं नगर निगम के सफाई कर्मचारियों ने शहर में रोष स्वरूप जुलूस निकाला और सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी भी की।

प्रधान संजय बिडलान के नेतृत्व में सैंकड़ों की संख्या में सफाई कर्मचारी सुबह नगर निगम में इकट्ठा हुए और वहां से प्रदर्शन करते हुए अंबेडकर चौक से सोनीपत स्टैंड, सुभाष चौक होते हुए नगर निगम कार्यालय पहुंचे। इसके बाद निगम कार्यालय में धरना दिया। साथ ही सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर उनकी मांगें पूरी नहीं की जाती तो भविष्य में निश्चितकालीन हड़ताल की जा सकती है।

प्रधान संजय बिडलान ने कच्चे कर्मचारियों को पक्का किए जाने, समान काम समान वेतन दिए जाने, पुरानी पेंशन स्कीम लागू किए जाने, ठेका प्रथा व बेगार प्रथा बंद किए जाने, कौशल रोजगार निगम बंद किए जाने आदि को पूरा किए जाने की मांग की। नो वर्क नो पे के आदेश जारी किए गए हैं उन्हें भी रद किया जाए। इसके अलावा कोरोना काल के दौरान काम करने पर स्पेशल अलाउंस देने की भी मांग की। सफाई कर्मचारियों ने कहा कि अगर सरकार उनकी मांगे नहीं मानेगी तो वे कमेटी के साथ मिलकर एक बड़ा फैंसला लेंगे।




रोहतक। प्रदर्शन करते हुए नगर पालिका कर्मचारी संघ के सदस्य तथा कार्यालय में खाली ड़ी कुर्सी।।

#### सरकार कर रही वादाखिलाफी

शुक्रवार सुबह ही नगर पालिका कर्मचारी संघ के सदस्य नगर निगम कार्यालय में इकट्ठा होने शुरू हो गए। नगर निगम के सफाई कर्मचारियों के जिला प्रधान संजय बिड़लान ने बताया नगर परिषद, नगर निगम के सफाई कर्मचारियों की मांगें वर्षों से लंबित पड़ी हैं, जिसको लेकर कई बार सरकार से वार्तालाप भी कर चुके हैं लेकिन सरकार उन्हें हर बार आश्वासन देती है। जिसके कारण वे 2 दिन की सांकेतिक हड़ताल पर है। उनका कहना है कि अगर अनिश्चित काल हड़ताल होती है तो इसकी जिम्मेदार सरकार होगी।

## महम नपा प्रधान व सचिव का पुतला फूंका

- मांगों को लेकर 12 दिनों से हड़ताल पर हैं ठेकेदार के अधीन कार्यरत सफाई कर्मचारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महम



नगर पालिका महम के ठेके के तहत कार्यरत सफाई कर्मचारी अपने वेतन और अन्य जरूरी सुविधाओं की मांग को लेकर पिछले 12 दिन से धरना दे रहे हैं। अपनी मांगों को लेकर वे रोजाना नगर पालिका प्रधान, सचिव और ठेकेदार के खिलाफ नारेबाजी करते हैं। सफाई कर्मचारियों ने शहर में हाथों में झाड़ू लेकर जुलूस निकाला था। वहीं, शुक्रवार को सफाई कर्मचारियों ने शहर में नगर पालिका प्रधान और नगर पालिका सचिव की शव यात्रा निकाली। शव यात्रा नगर पालिका कार्यालय से भिवानी स्टैंड पर पहुंची। यहां पर नगर पालिका के आंदोलनरत सफाई कर्मचारियों ने नपा सचिव और प्रधान के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और प्रदर्शन किया। भिवानी चौक पर ही नगर पालिका प्रधान और सचिव का पुतला फूंका। सफाई कर्मचारियों ने कहा कि नगर पालिका प्रधान भारती पंवार और नगर पालिका सचिव नवीन नांदल अड़ीयल रवैया अपनाए हुए हैं। उनकी मिलीभगत की वजह से ही ठेकेदार अपनी मनमानी कर रहा है। शुक्रवार को हुए प्रदर्शन में सर्वकर्मचारी संघ के महासचिव हैल्थ इंस्पेक्टर सुनील कुमार अहलावत भी पहुंचे। ठेकेदार द्वारा न तो इनका पीएफ जमा करवाया जा रहा है और न ही ईएसआई की सुविधा दी गई है। यदि जल्द ही नगर पालिका के सफाई कर्मचारियों की मांगें नहीं मानी गई तो प्रदेशभर से सर्वकर्मचारी संघ के नेता महम पहुंचेंगे ।

---

## प्रश्नोत्तरी में एपीजे अब्दुल कलाम हाउस रहा प्रथम



**रोहतक।** श्री बाबा मस्तनाथ रेजिडेंशियल सैनिक स्कूल में सामाजिक ज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि निदेशक हंसराज बालवान रहे जबकि अध्यक्षता प्राचार्य सुरेंद्र सिंह ने की। अध्यापिका मीनाक्षी शर्मा ने बताया कि कैडेट्स अरमान और कैडेट्स धीरज ने मंच संचालन किया। इस प्रतियोगिता में 65 अंक हासिल कर डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम हाउस व विक्रम साराभाई हाउस के कैडेट्स प्रथम स्थान पर रहे। वहीं सीवी रमन व कल्पना चावला हाउस के कैडेट्स 50 अंक हासिल करके द्वितीय स्थान पर रहे। निदेशक हंसराज बलवान ने कहा कि जीवन में सामाजिक ज्ञान का होना बहुत आवश्यक है। उन्होंने बताया कि महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, आधुनिक भारत के शिल्पकार, राष्ट्रीय एकता के सार्वकालिक प्रतीक, लौह पुरुष, भारत रत्न सरदार वल्लभ भाई पटेल की आज पुण्यतिथि है। राष्ट्र सेवा के प्रति उनकी लौह प्रतिबद्धता हम सभी के लिए महान प्रेरणा है। निदेशक हंसराज, प्राचार्य सुरेंद्र सिंह, उप प्राचार्य अंजु व समस्त स्टाफ एवं कैडेट्स ने सरदार वल्लभ भाई पटेल के चित्र पर पुष्प अर्पित करके उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि दी।

## स्कूलों में छात्राओं का यौन शोषण चिंताजनक, एसडीएम को ज्ञापन

**रोहतक।** जनवादी महिला समिति के प्रतिनिधिमंडल ने हरियाणा के सरकारी स्कूलों में छात्राओं के साथ यौन शोषण की घटनाओं के खिलाफ एसडीएम के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन दिया। प्रतिनिधिमंडल में जनवादी महिला समिति की राज्य अध्यक्ष सविता, कोषाध्यक्ष राजकुमारी दहिया, मुनमुन हजारिका व रेखा बैनीवाल शामिल रही। उन्होंने कहा कि जींद जिले के उचाना के सरकारी स्कूल में प्रिंसिपल द्वारा कई छात्राओं के साथ यौन शोषण के मामले के बाद कैथल जिले के भूना गांव के सरकारी स्कूल में भी ऐसा ही मामला सामने आया है। इन घटनाओं ने पूरे समाज को हिला कर रख दिया है। आईटीआई हांसी में भी प्रिंसिपल द्वारा छात्राओं के साथ बेहद असभ्य व अश्लील भाषा इस्तेमाल करने का मामला सामने आया है। शिक्षण संस्थान में ऐसी घटनाओं का होना चिंता का विषय है।



## भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ने कुलपति का आभार जताया



**रोहतक।** भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ने महाविद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों को शोध कार्यों में विद्यार्थियों के मार्ग दर्शन में विशविद्यालयों के शिक्षकों के समकक्ष अधिकार देने के नियमों को अस्तित्व में लाने में सहयोगात्मक प्रयासों के लिए महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के कुलपति को आभार ज्ञापन सौंपा। उन्होंने इन नियमों का विस्तार विज्ञान संकाय के विषयों तक करने के लिए भी अनुरोध किया। इस मौके पर अध्यक्ष डॉ. पुष्पदीप डागर, महामंत्री डॉ. सतीश कुमार सैनी, प्रो. युद्ध वीर, प्रो. दया सिंह मौजूद रहे।

## बीसीए में टॉपर विधार्थी को मिलेगी 5100 की छात्रवृत्ति



रोहतक। गांव छारा निवासी स्वर्गीय पंडित काशीराम छारिया की याद में उनके सुपुत्रों दिनेश शर्मा, पवन शर्मा, अनिल शर्मा ने गौड़ ब्राह्मण डिग्री कॉलेज में 1 लाख 21 हजार रुपए का चैक कॉलेज प्राचार्य डॉ. जयपाल शर्मा को दिया। इस राशी को कॉलेज के बैंक खाते में स्वर्गीय पंडित काशीराम छारिया मैमोरियल के नाम से फिक्स डिपोजिट करवाया जाएगा तथा प्रत्येक वर्ष कॉलेज के बीसीए कक्षा के प्रथम सेमेस्टर में अव्वल आने वाले विधार्थी को 5100 रूपये की छात्रवृति दी जाएगी। डॉ. जयपाल शर्मा ने कहा कि इस तरह की छात्रवृति विद्यार्थियों के अंदर पढ़ाई में रुचि बढ़ाएगी तथा उनमें आत्मविश्वास की बढ़ोतरी होगी। उन्होंने कहा कि यह एक पुनीत कार्य है और समाज के प्रत्येक वर्ग को इस तरह की भागेदारी करनी चाहिए। प्राचार्य ने कहा कि पहले भी कॉलेज में इस तरह से दान के द्वारा स्कॉलरशिप प्रारंभ की गई थी, उसी कड़ी में एक और शुरुआत हुई है। स्वर्गीय पंडित काशीराम छारिया के बेटों ने कहा कि उनके पिता सामाजिक सरोकार में आगे बढ़कर जरूरतमंदों की सहायता करते थे। उनकी सोच हमेशा शिक्षा को बढ़ावा देने और हर व्यक्ति शिक्षित हो की रही। उनकी याद में यह छात्रवृति उनका सच्चा सम्मान होगी। इस अवसर उनके परिवार से कृष्ण गोपाल शर्मा, गौड़ ब्राह्मण शिक्षण महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. महाश्वेता शर्मा, डॉ. अंजू शर्मा, डॉ. मनीषा कौशिक, मनीष कौशिक आदि मौजूद रहे।

## इंश्योरेंस के नाम पर फ्रॉड का आरोपी काबू

**रोहतक।** पुलिस की साइबर थाना टीम ने एसबीआई इंश्योरेंस के नाम पर फ्रॉड करने की वारदात में सातवें आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी को कोर्ट में पेश करके 6 दिन के पुलिस रिमांड पर हासिल किया गया है। साइबर थाना प्रभारी कुलदीप सिंह ने बताया कि 21 फरवरी में पुलिस को सूचना मिली कि ज्ञानी चोर गुफा के पास मोबाइल फोन, सुसाइड नोट व कपड़े पडे हुए है। गुफा के पास कुंए में युवक की लाश मिली। सुसाइड नोट को बरामद किया गया व लाश को बाहर निकाला गया। मृतक की पहचान हिमांशु निवासी सैमाण के रुप में हुई। जांच में सामने आया कि अतुल दो भाई है। अतुल के पिता के साथ 2016 मे एसबीआई इंश्योरेंस से एक करोड 20 लाख का फ्रॉड हो गया।

## दुकानदारों से ज्यादा किराया वसूलना गलत : गुलशन

**रोहतक।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और शोरी मार्केट के प्रधान गुलशन ईशपुनियानी ने यहां जारी एक बयान में कहा कि शहर की कई मार्केट के 50 से ज्यादा दुकानदार आज भी स्वामीत्व योजना से दूर हैं। स्वामीत्व योजना का लाभ मिला तो अब उनका किराया भी बढ़ा दिया गया है। दुकानदारों से दोगुना किराया वसूला जा रहा है। दुकानदारों से पहले वाला करीब 700 रुपए किराए के बदले बढ़ा हुआ 1488 रुपए किराया मांगा जा रह है। दुकानदार परेशान हैं और उन्हें समझ नहीं आ रहा कि उन्हें स्वामीत्व योजना का लाभ मिलेगा या नहीं। सरकार इन दुकानदारों के साथ अन्याय कर रही है। इसके अलावा किराया पुराने हिसाब से जमा करवाना है या नए हिसाब से। दुकानदारों के सामने कोई स्पष्ट नहीं कर रहा कि उन्हें करना क्या है। गुलशन ईशपुनियानी ने कहा कि भाजपा-जेजपी सरकार में हर वर्ग परेशान है। सरकार न तो दुकानदारों की तरफ ध्यान दे रही है और न ही उनकी सुविधाओं की तरफ। कांग्रेस सरकार के शासपकाल में ऐसा कभी नहीं हुआ कि किसी व्यापारी को टैक्स या अन्य किसी चीज के लिए बेवजह परेशान किया गया हो। ईशपुनियानी ने कहा कि दुकानदारों को सरकारी योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है। अब जनता कांग्रेस के शासन को याद कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में आने वाली सरकार कांग्रेस की होगी और मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा होंगे। कांग्रेस नेता गुलशन ईशपुनियानी ने कहा कि शहर में सफाई का बंटाधार हुआ पड़ा है।



## राजकीय कन्या स्कूल में डिजिटल मेला



**रोहतक।** राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कलानौर में शुक्रवार को डिजिटल मेले का आयोजन किया गया। यह डिजिटल मेला एससीईआरटी हरियाणा के द्वारा डिजिटल इंडिया मिशन के तहत चलाई गई मुहिम टेक स्किल क्लब के तत्वाधान में आयोजित किया गया।

विद्यालय प्राचार्य देवेंद्र कटारिया ने बताया कि हरियाणा के सभी राजकीय विद्यालयों में टेक्नोलॉजी स्किल क्लब बनाए गए हैं, जिसमें कंप्यूटर के शिक्षक तथा विद्यार्थियों को क्लब का सदस्य बनाया गया है। डिजिटल मेले के आयोजन का उद्देश्य शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को टेक्नोलॉजी युग के लिए तैयार करना है। मेले के संयोजक राजीव मुंजाल ने बताया कि विभिन्न प्रकार के थ्रीडी मॉडल, पोस्टर तथा कंप्यूटर टेक्नोलॉजी के विभिन्न क्षेत्रों को प्रदर्शित करती हुई रंगोली ये सभी डिजिटल मेले का विशेष आकर्षण रहे। मुख्य अतिथि डाइट प्रवक्ता विकास ढलवाल रहे। उन्होंने डिजिटल मेले में प्रदर्शनी का अवलोकन किया और कहा कि विद्यार्थी तकनीकी क्षमताओं में पारंगत होंगे तथा इस क्षेत्र में और अधिक रुचि लेंगे। इस मौके पर प्रवक्ता सीमा वर्मा, डॉ. अलका मदान, अध्यापिका अनु, सविता, पूनम, विनोद कुमार, अंजलि आदि मौजूद रहे।

**सूचना**

मैं, सतबीर सिंह पुत्र श्री पूर्ण सिंह निवासी गांव बहुजमालपुर तह. व जिला रोहतक बयान करता हूं कि मेरा पुत्र विशाल मेरे कहने-सुनने से बाहर है। इसलिये मैं इसको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इससे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**सूचना**

मैं, देवेन्द्र पुत्र श्री बलबीर सिंह निवासी भराण तहसील महम जिला रोहतक बयान करता हूं कि मेरा पुत्र विशाल और मेरी पत्नी अर्चना उर्फ पूनम मेरे कहने-सुनने से बाहर हैं। इसलिये मैं इनको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इनसे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**अदालती इश्तहार**

**न्यायालय श्रीमान् सहायक कलैक्टर द्वितीय श्रेणी, महम।**

इस अदालती इश्तिहार द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मुकदमा चॉदरूप बनाम वजीर आदि बाबत खेवट तक्सीम, करवाने बारे खेवट नंबर 53, खतोनी नंबर 59 वाका मोजा गाँव सेमान तहसील महम जिला रोहतक इस न्यायालय में लंबित है। प्रतिवादी नंबर 1 ता 7

1. Wazir S/o Sh. Ramdhari S/o Sh. Diwana
2. Jaibir S/o Sh. Ramdhari S/o Sh. Diwana.
3. Smt. Premwati W/o Sh. Daynand S/o Sh. Ramehar. 4. Parveen S/o Sh. Balwant Singh S/o Sh. Ram Singh.
5. Risikesh S/o Sh. Balwant Singh S/o Sh. Ram Singh.
6. Anita W/o Sh. Parveen S/o Sh. Balwant Singh.
7. Smt. Sunita W/o Sh. Kuldeep Singh S/o Sh. Hawa Singh D/o Balwant Singh resident of village Seman tehsil Meham distt. Rohtak.

को बराए समन तलब किया जा चुका है। परन्तु प्रतिवादी हाजिर अदालत नहीं आ रहा है। न्यायालय इस निष्कर्ष पर पहुंचा है। कि प्रतिवादी की तलबी साधारण तरीके से नहीं हो पाई है। इसलिए प्रतिवादी की तलबी बजरिये अखबार इश्तिहार की जानी उचित है। अतः इस नोटिस द्वारा प्रतिवादी व आम जनता को सूचित किया जाता है कि वाद ग्रस्त भूमि में हितबद्ध प्रतिवादी या अन्य कोई व्यक्ति दिनांक 05/01/2024 को इस न्यायालय में स्वयं/ अपने वकील के माध्यम से उपस्थित हो कर अपना पक्ष रख सकता है। हाजिर न आने की सूरत में एक तरफा कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

अत दिनांक 8/12/23 को मेरे हस्ताक्षर व मोहर न्यायलय से जारी किया गया है।

हस्ता/-
सहायक कलैक्टर द्वितीय श्रेणी, महम
जिला रोहतक।

---

### अयोध्या के राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा की रोहतक में भी तैयारी

# प्राण प्रतिष्ठा के समय हनुमान चालीसा का करें पाठ

- पूजित अक्षत के भव्य दर्शन के लिए शहर में शोभायात्रा निकाली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



अयोध्या के राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा की तैयारी रोहतक शहर में भी शुरू हो गई है। इसी को लेकर श्रीराम जन्मभूमि अयोध्या से आए पूजित अक्षत के भव्य दर्शन के लिए रोहतक शहर में शोभायात्रा का आयोजन किया गया। शोभायात्रा दोपहर 3 बजे बजरंग भवन मंदिर से प्रारंभ हुई तथा दुर्गा भवन मंदिर पर जाकर समाप्त हुई। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र और रोहतक के सामाजिक व धार्मिक संगठनों ने इस यात्रा का आयोजन किया। महामंडलेश्वर स्वामी कपिलपुरी महाराज, जन सेवा संस्थान से महामंडलेश्वर स्वामी परमानंद, बाबा कर्णपुरी, बाबा सुखा शाह और समाज के अन्य साधु संतो ने यात्रा की अगुवाई की। संत समाज ने शहर की जनता को 22 जनवरी 2024 को अयोध्या में होने वाले श्रीराम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा को लाइव अपने आसपास के मंदिर या अपने घर ऑफिस में देखने का आग्रह किया। साथ ही ये भी कहा कि कम से कम प्राण प्रतिष्ठा के समय हनुमान चालीसा का पाठ कर इस अभूतपूर्व पल के साक्षी बने। जानकारी देते हुए सतीश (जिला संयोजक, श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम) ने बताया कि शोभायात्रा के समापन पर श्रीराम आरती माता मानेश्वरी देवी ने की। इस मौके पर सीनियर डिप्टी मेयर राजकमल सहगल, सूरजमल किलोई, हिमांशु ग्रावेर, भारत गिरधर, ईश्वर सिंह सहित अन्य मौजूद रहे। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र व रोहतक के धार्मिक संगठनों की ओर से आयोजित शोभायात्रा का भाजपा जिलाध्यक्ष एडवोकेट रणवीर ढाका व उपाध्यक्ष हरिओम मित्तल भाली के नेतृत्व में जिला टीम ने सेठ श्रीकिशन दास चौक पर फूलों की वर्षा कर अभिनन्दन किया गया।

#### प्रतिमा समारोह को भव्य बनाएं : साध्वी मानेश्वरी

**रोहतक।** माता दरवाजा स्थित संकट मोचन मंदिर की संचालिका साध्वी मानेश्वरी देवी भक्तों संग अयोध्या में श्रीराम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा की तैयारी के उपलक्ष्य में शोभायात्रा में भाग लिया। यात्रा बजरंग भवन मंदिर से दुर्गा भवन मंदिर तक जयश्री राम के जयकारों के साथ भक्तों ने जयकारे लगाए। साध्वी मानेश्वरी देवी ने बताया कि 22 जनवरी को श्रीराम मंदिर में रामलला की प्रतिमा में प्राण प्रतिष्ठा का अनुष्ठान समारोह होगा जिसमें हम समस्त भारतवासियों को यादगार और भव्य बनाना होगा। हमें सदैव भगवान श्रीराम के बताए मार्गों पर चलने का संकल्प लेना होगा। भगवान राम सदैव भक्तों संग हैं और वे सदैव भक्तों की रक्षा करते हैं।

## महेंद्रा मॉडल स्कूल में प्रवेशिका कैंप शुरू



**रोहतक।** महेंद्रा मॉडल स्कूल में हिंदुस्तान स्काउट्स एवं गाइड के तत्वाधान में शुक्रवार को तीन दिवसीय प्रवेशिका कैंप लगाया गया। राज्य प्रशिक्षण आयुक्त कृष्ण मालिक और हरियाणा स्टेट प्रशिक्षक उमंग गिल ने कैंप का शुभारंभ किया।

तीन दिवसीय प्रशिक्षण कैंप में प्रशिक्षकों द्वारा स्काउट गाइड को प्रवेश से लेकर तृतीय सोपान तक के पाठ्यक्रमों का अध्ययन कराया। इसमें मुख्य रूप से स्काउटिंग आंदोलन की उत्पत्ति, प्रतिज्ञा, नियम, आदर्श वाक्य, चिन्ह, सैल्यूट वर्दी की जानकारी, ध्वज, राष्ट्रगान, प्रार्थना, झंडा गीत, टोली की जानकारी, स्वास्थ्य के नियम, हाथ व सिटी के संकेत, रस्सी के सिरे सुरक्षित करना, प्राथमिक चिकित्सा का ज्ञान आदि पाठ्यक्रमों से अवगत कराया। डीपी प्रवेश हुडडा व पीटीआई प्रदीप ने बच्चों को इन नियमों को जीवन में लागू करने के लिए प्रोत्साहित किया। राष्ट्रीय गान के साथ कैंप का समापन किया गया।

खबर संक्षेप

## स्वामी श्रद्धानंद का 97वां बलिदान दिवस 17 को

**रोहतक।** स्वामी श्रद्धानंद का 97वां बलिदान दिवस आर्य समाज मॉडल टाउन में 17 दिसंबर को आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर पंडित संजीवन कुमार विद्यावाचस्पति यज्ञ सम्पन्न करवाएंगे तथा डॉक्टर सुशील कुमार आर्य एवं पवनजीत के भजन होंगे। डॉ. विवेक आर्य, आचार्य नंदकिशोर और डॉक्टर जगदेव सिंह विद्यालंकर प्रवचन से सभी का मार्गदर्शन करेंगे। इस मौके पर डॉक्टर विवेक आर्य द्वारा लिखित पुस्तक शुद्धि आंदोलन का इतिहास का विमोचन भी होगा।

## आरक्षण नीति के रोस्टर अनुसार पदोन्नति करें

**रोहतक।** डॉ. आंबेडकर मिशनरीज विद्यार्थी एसोसिएशन के अध्यक्ष विक्रम सिंह डुमोलिया के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने कुलसचिव प्रोफेसर गुलशन कुमार तनेजा से ज्ञापन सौंपा। उन्होंने मांग की है कि महर्षि दयानंद विवि में गैर शिक्षक पदों पर हरियाणा सरकार द्वारा केटेगिरी अ और ई में आरक्षण नीति के रोस्टर बिंदुओं के अनुसार पदोन्नति प्रदान करे। इस मामले में सरकार के पत्र को विश्वविद्यालय ने अपनी स्वीकृति प्रदान कर दी है ।

## अटायल में कार्यवाहक सरपंच का चुनाव नहीं हुआ

**सांपला।** अटायल के कार्यवाहक सरपंच का चुनाव नहीं हो पाया। अब दोबारा से मीटिंग की जाएगी। गौरवतलब है कि पिछले दिनों सरपंच को दसवीं की मार्कशीट के फर्जी होने पर निष्कासित कर दिया गया था। उसके स्थान पर कार्यवाही सरपंच बनाया जाना है। बीडीपीओ अक्षय कुमार की अध्यक्षता में गुरुवार को भी पाचों की मीटिंग की गई। 14 में से 11 पंच कार्यालय पहुंचे। तीन पंचों ने सरपंच की दावेदारी रख दी। जिसमें दो पक्षों में पांच पांच मेंबर बंट गए। बीडीपीओ ने सभी मेंबर को समझने का भी प्रयास किया, लेकिन किसी के नाम पर भी सहमति नहीं बन पाई।

## फोन चोरी मामले में आरोपित गिरफ्तार



**रोहतक।** पुलिस ने गांव टिटौली में दुकान से मोबाइल फोन चोरी की वारदात में आरोपी को गिरफ्तार किया। आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया है। कोर्ट के आदेश पर आरोपी को एक दिन के पुलिस रिमांड पर हासिल किया गया। थाना प्रभारी सदर मुरारी लाल ने बताया कि गांव टिटौली निवासी रोशनी की शिकायत के आधार पर केस दर्ज किया गया था। जांच में सामने आया कि रोशनी ने गांव में ही घर पर बनी चप्पलो की दुकान कर रखी है। 21 सितंबर को रोशनी के पास दो अज्ञात युवक आए।

### चौधरी मित्रसेन आर्य की 93वीं जयंती पर कार्यक्रम में बोले डॉ. जगदेव सिंह

# स्व.चौधरी मित्रसेन आर्य का जीवन समाज को रहा समर्पित, सभी लें प्रेरणा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

आर्य समाज के पुरोधा चौधरी मित्रसेन आर्य की 93वीं जयंती पर उन्हें याद किया गया। हरि भूमि कार्यालय परिसर में हुए जयंती समारोह के दौरान विद्वानों ने विचार रखे और चौधरी मित्रसेन आर्य जी के संस्मरण सुनाए। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता राजकीय महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य और प्रसिद्ध आर्य समाजी डॉ. जगदेव सिंह विद्यालंकार और राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जसिया के पूर्व प्राचार्य यशवीर सिंह आर्य रहे। कार्यक्रम की शुरुआत वेदों के मंत्रों से की गई और सभी ने चौधरी मित्रसेन जी को श्रद्धासुमन अर्पित करके उनके रास्ते पर चलने का आह्वान किया। कार्यक्रम में आने पर वक्ताओं का गुलदस्ते देकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में डॉ. जगदेव सिंह विद्यालंकार ने कहा कि चौधरी मित्रसेन जी को आर्य समाज के संस्कार पैतृक गुणों से ही मिल गए थे। चौधरी मित्रसेन जी स्वाध्यायशील थे और सबसे बड़ी बात ये है कि इतने व्यस्त समय के बावजूद वे स्वाध्याय करते थे। डॉ. जगदेव सिंह विद्यालंकार ने कहा कि चौधरी मित्रसेन जी का जीवन हमेशा समाज को समर्पित रहा। परोपकार करने और दान देने में उनका कोई मुकाबला नहीं कर सकता। उन्होंने हमेशा शिक्षा की अलग जगाई और समाज को नई दिशा दिखाने काम किया। ऐसे महापुरुष के जीवन से हम सभी को प्रेरण लेनी चाहिए। उनके जीवन से प्रेरणा लेकर हमेशा प्रगति के रास्ते पर अग्रसर होने की जरूरत है। डॉ. जगदेव सिंह विद्यालंकार ने कहा कि चौधरी मित्रसेन आर्स जी उपासक थे ओर उनका परिवार भी उनके विचारों को संवहन करने वाला है। हमें ऐसे परिवार से प्रेरणा लेनी चाहिए। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया।






**रोहतक।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जसिया के पूर्व प्राचार्य यशवीर सिंह आर्य और मुख्य वक्ता राजकीय महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य और प्रसिद्ध आर्य समाजी डॉ. जगदेव सिंह विद्यालंकार। फोटो : हरिभूमि

### बुलंदियों तक पहुंचाया व्यापार

जयंती समारोह में डॉ. जगदेव सिंह विद्यालंकार ने कहा कि चौधरी मित्रसेन आर्य ने खराद की छोटी सी दुकान से व्यापार शुरू किया और अपनी मेहनत और ईमानदारी के बल पर पूरे देश में अपना परचम लहराया। ये चौधरी मित्रसेन आर्य की मेहनत का ही नतीजा है कि उनका नाम देश के गिने-चुने उद्योगपतियों में शामिल हुआ।

**आर्य समाज के नियम जीवन में धारण किए:** डॉ. जगदेव सिंह विद्यालंकार ने कहा कि चौधरी मित्रसेन आर्य जी ने आर्य समाज के 10 नियमों को जीवन में धारण किया। पूरे जीवन इन नियमों के हिसाब से ही बिताया। उन्होंने हमेशा परोपकार का रास्ता अपनाया। उन्होंने सामाजिक, आर्थिक और आत्मिक उन्नत्ति की। जैसे महापुरुषों का जीवन अपने लिए नहीं होता, वे अपने तक सीमित नहीं रहते। वे संसार के लिए जीते हैं। ऐसे ही जीवन चौधरी मित्रसेन आर्य जी का रहा। उन्होंने हमेशा परोपकार की भावना से ही काम किया।

### महर्षि दयानंद से प्रेरित रहे

डॉ. जगदेव सिंह विद्यालंकार ने कहा कि चौधरी मित्रसेन आर्य जी हमेशा महर्षि दयानंद सरस्वती के जीवन से प्रेरित रहे। उनकी शिक्षाओं को ध्यान में रखते हुए उन्होंने सबसे पहले खान्ड़ा में कन्या पाठशाला खोली। इसके बाद वे कभी नहीं रुके और उड़ीसा के आदिवासी इलाकों तक में गुरुकुल खोलकर वहां के लोगों को शिक्षित बनाया। उन्होंने कहा कि वे दान देते थे तो कभी नहीं चाहते थे कि उनका नाम लिया जाए। वे ऐसे दान करते थे कि एक हाथ से दान करने पर दूसरे हाथ को को भी पता नहीं चलता था।

- जयंती समारोह के दौरान विद्वानों ने विचार रखे और चौधरी मित्रसेन आर्य जी के संस्मरण सुनाए
- परोपकार करने और दान देने में उनका कोई मुकाबला नहीं कर सकता : डॉ. जगदेव

### भक्त और दानी थे आर्य

जयंती समारोह के दौरान राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जसिया के पूर्व प्राचार्य यशवीर सिंह आर्य ने कहा कि एक माता को ऐसे पुत्र को जन्म देना चाहिए जो भक्त हो या दानी हो, लेकिन चौधरी मित्रसेन आर्य जी दोनों ही कसोटी पर खरा उतरते हैं। वे दयानंद के भक्त थे और आर्य समाज की बहुत सी संस्थाओं को चलाने वाले थे। उन्होंने हरियाणा ही नहीं बल्कि पूरे देश में आर्स समाज को खड़ा किया। उन्होंने पूरे देश में शिक्षा की अलख जगाई।

### छोटी दुकान से शुरू किया काम

यशवीर सिंह आर्य ने कहा कि पिता के स्वर्गवास के बाद चौधरी मित्रसेन आर्य जी खेती के काम में लग गए। लेकिन वे तकनीक से काम करते थे। एक छोटी दुकान से काम शुरू किया और पूरे देश में व्यापार फैलाया। उनके जीवन को देखकर कहा जाता है कि जो व्यक्ति मेहनत करता है परमात्मा उन पर कृपा बरसाता है। कृपा तभी बरसती है जब व्यक्ति ईमानदार हो और समाज के लिए परोपकार का काम करता हो।

### लाढ़ौत गुरुकुल में बड़ा योगदान रहा

यशवीर सिंह आर्य ने एक संस्मरण सुनाया कि जब 3 मार्च 1991 को लाढ़ौत गुरुकुल की नींव रखी गई थी तो भवन निर्माण में सबसे बड़ा योगदान चौधरी मित्रसेन आर्य जी का ही रहा। इसके बाद आचार्य हरिदत्त ने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा और संस्था नई ऊंचाइयो को छू रही है। यशवीर सिंह आर्य ने एक संस्मरण बताया कि दयानंद मठ में विद्वानों की प्रतियोगिता थी, वहां चौधरी मित्रसेन आर्य जी भी आए हुए थे। चौधरी मित्रसेन आर्य कहा कि इस प्रतियोगिता का खाने का खर्च मैं खुद वहन करूंगा। उन्होंने हमेशा धन का सदुपयोग किया और दान देने में कभी पीछे नहीं रहे। यशवीर सिंह आर्य ने कहा कि उनका परिवार उनसे प्रेरणा लेकर आगे बढ़ रहा है, ये स्वच्छ परंपरा ऐसे ही चलती रहनी चाहिए।

## इंडस स्कूल में फाउन्डर्स डे के रूप में मनाई जयंती

**रोहतक।** इंडस पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को इंडस ग्रुप संस्थान के संस्थापक व परममित्र मानव निर्माण संस्थान के संस्थापक व वैदिक पथ के पथिक स्वर्गीय चौधरी मित्रसेन आर्य का 92वां जन्मदिवस मनाया गया। विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. सुषमा झा ने अध्यापकों व छात्रों के साथ मन्त्रोच्चारण करते हुए हवन में पूर्णाहुति डाली और उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। विद्यालय में विशेष प्रार्थना सभा के साथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस सभा में गायत्री मंत्र, कविता, भजन, भाषण, ओम ध्वनि के उच्चारण के साथ योग के साथ सम्पन्न हुआ। प्रार्थना सभा में विद्यार्थियों ने चौधरी मित्रसेन के जीवन से संबंधित प्रसंग बताकर उनके महान कार्यक्रम का उल्लेख किया। छात्रों द्वारा सुंदर भजन



प्रस्तुति ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया। इसके साथ-साथ कक्षा तीसरी व चौथी के छात्रों ने पौधरोपण भी किया। कक्षा पांचवी व छठी के छात्रों ने खेल के मैदान व बगीचे में सफाई की। वहीं कक्षा सातवीं व आठवीं के छात्रों ने मित्रसेन द्वारा बताए गए नैतिक मूल्यों पर स्लोगन व पोस्टर बनाए।

**पूज्य पिताजी के पद चिन्हों पर चलकर ही भावी पीढ़ियों का निर्माण संभव :** विद्यालय की चेयरपर्सन डॉ. एकता सिंधु ने कहा कि इंडस ग्रुप में आधुनिक शिक्षा के साथ-साथ वैदिक व नैतिक शिक्षा के मूल्य भी पढ़ाए जाते हैं। पूज्य पिताजी के पद चिह्नों पर चलकर ही भावी पीढ़ियों का निर्माण संभव है। निदेशक प्रधानाचार्या डॉ. सुषमा झा ने भी कहा कि पूज्य पिताजी सबको समभाव से देखते थे व जात-पात व अमीर-गरीब के भेद से परे हटकर सबकी मदद करते थे। उन्होंने कहा कि महान विभूतियों के जीवन से संबंधित प्रेरक-प्रसंग पढ़कर आत्मसात करें।

## मॉडल संस्कृति स्कूल की कनिका रही प्रथम

- पोस्टर मेकिंग में होनहार छात्रा ने दिखाई अपनी प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय इस्माइला में विज्ञान प्रतियोगिता में राजकीय मॉडल संस्कृति विद्यालय सांपला की सातवीं कक्षा की छात्रा कनिका ने पहला स्थान प्राप्त किया। वहीं कीर्ति ने मॉडल में दूसरा स्थान प्राप्त किया।

विद्यालय पहुंचने पर प्राचार्य संदीप नैन और उप प्राचार्य सुनील नेहरा ने दोनों बच्चों का स्वागत किया। यह दोनों बच्चे जिला स्तर पर होने वाले कार्यक्रम




का हिस्सा बनेंगे। उन्होंने बताया कि यह दोनों बच्चे एक साधारण परिवार से आते हैं, जिन्होंने अपनी मेहनत से यह मुकाम हासिल किया है। इस अवसर पर डॉक्टर सुनीता अहलावत, मोनिका, रुपेश अनिल, नितेश आदि मौजूद रहे।

## एकीकृत नाशीजीव प्रबंधन और नेशनल पेस्ट सर्विलांस सिस्टम एप्लिकेशन की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

- किसानों को बीज उपचार एवं मृदा उपचार के बारे में जानकारी दी

केंद्रीय कृषि मंत्रालय के वनस्पति संरक्षण, संगरोध एवं संग्रह निदेशालय के क्षेत्रीय केंद्रीय एकीकृत नाशीजीव प्रबंधन केंद्र फरीदाबाद की टीम ने प्रगतिशील किसानों को एकीकृत नाशीजीव प्रबंधन की विभिन्न पद्धतियों जैसे बीज उपचार, फेरोमोन इत्यादि का विस्तार से वर्णन किया तथा नेशनल पेस्ट सर्विलांस सिस्टम अर्थात एनपीएसएस डिजिटल एप्लिकेशन की जानकारी दी। उपनिदेशक डॉ. वीडी निगम, वनस्पति संरक्षण अधिकारी लक्ष्मीचंद व सहायक वनस्पति संरक्षण अधिकारी गौरव चौहान की टीम ने किसानों के मोबाइल फोन में एप्लिकेशन डाउनलोड करवाकर इसके उपयोग के बारे में बताया। किसानों को ट्राइकोडर्मा द्वारा बीज उपचार एवं मृदा उपचार के लिए ट्राइकोडर्मा पाउडर वितरित किया। इस मौके पर कृषि उपनिदेशक डॉ. कर्मचंद, गुण नियंत्रण निरीक्षक डॉ. राकेश कुमार, उपमंडल कृषि अधिकारी डॉ. संदीप मलिक, सहायक वनस्पति संरक्षण अधिकारी डॉ. बलवंत सिंह भी मौजूद रहे।

## पोस्टर फाड़ने से रोष, सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

शहर की सामाजिक संस्थाओं ने महाराजा शूरसैनी चौक पर पोस्टर फाड़ने को लेकर रोष प्रकट किया और महाराजा शूरसैनी चौंक के मामले को लेकर एसडीएम से मिले और ज्ञापन सौंपा। उन्होंने प्रशासन को अवगत करवाया कि महाराजा शूरसैनी के पोस्टर को असामाजिक तत्वों ने फाड़ दिया था, जिसको लेकर समस्त ओबीसी समाज में भारी रोष है।

उन्होंने एसडीएम को बताया गया कि सबंधित मामले को लेकर सदर थाने में सैनी समाज ने असामाजिक तत्वों पर कार्रवाई को लेकर मामला दर्ज करवाया था, जिस पर अभी तक कोई कार्यवाही



नही हुईं है। अगर जल्द उचित कार्रवाई नहीं हुई तो आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। अन्तरराष्ट्रीय सैनी समाज संगठन के राष्ट्रीय महासचिव नरेश सैनी कलानौरिया ने बताया कि एसडीएम ने सबंधित मामले पर कार्रवाई करवाकर जल्द ही महाराजा शूरसैनी चौक व महात्मा ज्योतिबाफुले चौंक पर मूर्ति स्थापित करवाने के लिए आवश्यक कदम उठवाने का आश्वाशन दिया है। इस मौके पर सुरेन्द्र पांचाल (भारत मुक्ति मोर्चा अध्यक्ष) हरियाणा, बुधराम सैनी , जगमोहन सैनी , अरूण कटारिया (अध्यक्ष सैनी संगठन रोहतक), हैप्पी सैनी टिटौलीया राजेश सैनी, महेन्द्र सैनी सहित अन्य उपस्थित रहे।

## वित्त पोषित परियोजना क्षयग्रस्त मिट्टी के लिए ऊर्जा कुशल की जानकारी दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

मुंबई स्थित केंद्रीय मात्स्यिकी शिक्षा संस्थान द्वारा राष्ट्रीय कृषि उच्च शिक्षा परियोजना के तत्वावधान में विश्व बैंक द्वारा वित्त पोषित परियोजना क्षयग्रस्त मिट्टी के लिए ऊर्जा कुशल और पर्यावरण सुरक्षात्मक एक्वाकल्चर प्रौद्योगिकियों का विकास 2018 से कार्यान्वित कर रहा है।

संस्थान द्वारा रोहतक में दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। प्रधान अंवेषक एवं आईसीएआर-सीआईएफई के संयुक्त निदेशक डॉ. एनपी साहू ने बताया कि परियोजना का उद्देश्य अंतर्देशीय लवणीय जलीय कृषि के लिए उपयुक्त प्रौद्योगिकियों और उत्पादों को विकसित करना है। परियोजना 2023 के अंत में पूरी होने वाली है। कार्यशाला में डॉ. एनपी साहू ने परियोजना के तहत विकसित विभिन्न तकनीकों और उत्पादों जैसे




कॉमन कार्प की उन्नत किस्म, बायोफ्लॉक, बायोचार, मोबाइल ऐप एम झींगा आदि को सूचीबद्ध किया। डॉ. रविशंकर सीएन, निदेशक एवं कुलपति, आईसीएआर-सीआईएफई, मुंबई ने सभा को संबोधित किया। उन्होंने बताया कि परियोजना में विकसित कई प्रौद्योगिकियों का प्रसार किया गया है, जिससे किसानों को लाभ हुआ है।

## शहरी क्षेत्र में विकसित भारत संकल्प यात्रा का प्रवेश आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

विकसित भारत संकल्प यात्रा अब जिला के शहरी क्षेत्र में भी प्रवेश करेगी। शहरी क्षेत्र का पहला कार्यक्रम 16 दिसंबर को दोपहर 2 बजे झज्जर रोड स्थित विश्वकर्मा स्कूल में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम की तैयारी को लेकर अतिरिक्त उपायुक्त महेश कुमार की अध्यक्षता में अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई।महेश कुमार ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा सरकार का महत्वपूर्ण कार्यक्रम है।

उन्होंने कहा कि इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से वंचित पात्र लोगों को लाभ पहुंचाना है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से देशभर में अपना संदेश देंगे। प्रधानमंत्री मोदी का यह संदेश वर्चुअल होगा। नगर निगम के संयुक्त आयुक्त विजय सिंह मलिक ने शहरी क्षेत्र में विकसित भारत संकल्प यात्रा के बारे में जानकारी दी। इस मौके पर डीएसपी रवि खुंडिया, डीईओ मनजीत मलिक, उप सिविल सर्जन डॉ. सत्यवान, जिला सूचना अधिकारी डॉ. जितेंद्र मलिक आदि मौजूद रहे।



**रोहतक।** अधिकारियों की बैठक लेते हुए अतिरिक्त उपायुक्त महेश कुमार। फोटो : हरिभूमि

### यात्रा स्थल का किया निरीक्षण

विकसित भारत संकल्प यात्रा का पहला कार्यक्रम 16 को दोपहर 2 बजे विश्वकर्मा स्कूल में हुआ। कार्यक्रम की तैयारी को लेकर नगर निगम के संयुक्त आयुक्त विजय सिंह मलिक ने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया और कार्यक्रम की सफलता सुनिश्चित करने के लिए मौके पर ही आवश्यक दिशा निर्देश भी जारी किए।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो वह निम्न टेलीफोन नम्बरों पर कार्यालय समय पर सूचित करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10×8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20

### 33 कर्मचारी और अधिकारी मिले गैर हाजिर

# सीएम फ्लाइंग ने बीडीपीओ कार्यालय में मारा छापा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सांपला

सीएम फ्लाइंग की टीम ने शुक्रवार को खंड विकास पंचायत अधिकारी कार्यालय में छापेमारी की। छापेमारी के दौरान करीब 33 अधिकारी व कर्मचारियों में से कई कर्मचारी गैर हाजिर मिले। इस दौरान हाजिर कर्मचारियों ने अन्य कर्मचारियों के पास फोन करने शुरू कर दिए।

कई कर्मचारी तो छापेमारी की खबर लगने पर कार्यालय पहुंच गए।सीएम फ्लाइंग की टीम में निरीक्षक सुमीत व कर्मबीर के नेतृत्व में टीम सुबह बीडीपीओ कार्यालय पहुंची। सीएम फ्लाइंग को सूचना मिली थी कि बीडीपीओ कार्यालय में कर्मचारी समय पर नहीं आते हैं, जिससे लोगों को





**रोहतक।** बीडीपीओ कार्यालय में रिकॉर्ड की जांच करते हुए सीएम फ्लाइंग की टीम । फोटो : हरिभूमि

परेशानी का सामना करना पड़ता हैं। कई बार लोग बिना काम करवाए वापस घर लौट जाते हैं।

इस दौरान टीम का गठन किया गया। टीम के कार्यालय में पहुंचते ही कर्मचारियों में हड़कंप मच गया। बीडीपीओ कार्यालय के अलावा तहसील एसडीएम कार्यालय के भी कर्मचारियों में हड़कंप देखा गया। इस दौरान कर्मचारियों ने बताया कि कई सदस्य खरावड़ व कारोर में सरकार की तरफ से निकाली जा रही भारतीय विकास संकल्प यात्रा के दौरान लगाए जाने वाले दरबार में शामिल हैं। टीम ने रिकॉर्ड की भी जांच की।

## लूट की वारदात में तीसरा आरोपी गिरफ्तार

रोहतक। पुलिस ने माडु खोडा के पास हुई लूट की वारदात में तीसरे आरोपी को गिरफ्तार किया। आरोपी को कोर्ट के आदेश पर जेल भेजा गया है। थाना प्रभारी बहुअकबरपुर निरीक्षक महेश ने बताया कि गांव मोखरा खास निवासी संदीप की शिकायत के आधार पर केस दर्ज किया गया था। जांच में सामने आया कि 20 मई 2022 को संदीप अपने दोस्त सुरेंद्र के साथ मोटरसाइकिल पर सेल्समैन मनीत से करीब 55 हजार रुपये लेकर अपने घर की तरफ जा रहे। जब संदीप माडु खोडा के पास पहुंचे तो क्रेटा गाड़ी में सवार युवकों ने संदीप की तरफ साइड दबा दी। संदीप व उसके दोस्त ने मोटरसाइकिल रोक कर साइड दबाने का कारण पूछा तो गाड़ी से दो युवक हथियार सहित उतरे। युवकों ने संदीप को गोली मारने की धमकी देते हुए पिस्तौल के बल पर बैग छीन लिया व मौके से फरार हो गए। जांच के दौरान 14 दिसंबर को आरोपी मोहित निवासी मोखराखास को गिरफ्तार किया है।

## एक्टिवा चोरी मामले में आरोपी गिरफ्तार

**रोहतक।** पुलिस ने मॉडल टाउन में स्थित घर के सामने से हुई एक्टिवा चोरी की वारदात में आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी को कोर्ट में पेश करके जेल भेजा गया है। थाना प्रभारी सिविल लाइन हर नारायण ने बताया कि मॉडल टाउन निवासी सोनू की शिकायत के आधार पर केस दर्ज किया गया था। जांच में सामने आया कि 10 दिसंबर को सोनू ने अपनी एक्टिवा को घर के बाहर खड़ा किया था। सुबह के समय सोनू को अपनी एक्टिवा नहीं मिली। जांच के दौरान 15 दिसंबर को आरोपी राकेश निवासी बिहार हाल गांधी कैंपको गिरफ्तार किया गया है। आरोपी नशा करने का आदि है।